बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-294
18/07/2022

मुख्यमंत्री ने ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ0 एच0एन0 दिवाकर द्वारा लिखित 'फ्रॉम पी0एच0सी0 टू सुपर स्पेशियलिटी ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल (ए जर्नी ऑफ एफर्टस, स्ट्रगल एंड ट्राइंफ)' नामक पुस्तक का किया विमोचन

पटना, 18 जुलाई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ0 एच0एन0 दिवाकर द्वारा लिखित पुस्तक 'फ्रॉम पी0एच0सी0 टू सुपर स्पेशियलिटी ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल (ए जर्नी ऑफ एफर्टस, स्ट्रगल एंड ट्राइंफ)' का विमोचन किया। इस पुस्तक में डॉ0 दिवाकर ने अपने अनुभव एवं राजवंशी नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी0एच0सी0) से लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशियलिटी ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सेंटर के बनने की विकास यात्रा का उल्लेख किया है।

पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का बोझ कम करने के लिए वर्ष 2008 में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना में तीन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने का निर्णय लिया। इनमें राजेन्द्र नगर आई (आँख) सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, गार्डिनर रोड में मधुमेह के ईलाज के लिए एंडोक्राईनॉलॉजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल एवं राजवंशी नगर में ऑर्थोपेडिक एवं न्यूरोलॉजी के लिए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शामिल था। आगे चलकर राजवंशी नगर में स्थापित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का नामकरण मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशियलिटी ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सेंटर किया गया। इस सेंटर की स्थापना के वक्त डॉक्टर दिवाकर पटना से बाहर कार्यरत थे, जिन्हें पटना बुलाकर सेंटर की जिम्मेवारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि संपूर्ण क्रांति आंदोलन के दौरान एक बार लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी को चोट लगी थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी को ईलाज के लिए नजदीकी राजवंशी नगर में स्थित अस्पताल में लाया गया, उस वक्त यह अस्पताल एक कमरे में चलता था। ईलाज के क्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी ने अपने सहयोगियों के समक्ष यह इच्छा व्यक्त की थी कि यहाँ पर एक ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सेंटर बनना चाहिए। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के सहयोगी रहे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार भी उस वक्त वहां उपस्थित थें। बाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के पहल और प्रयास से लोकनायक जयप्रकाश नारायण सुपर स्पेशियलिटी ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापित की गयी।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पुस्तक के लेखक डॉ0 एच0 एन0 दिवाकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर डॉ0 एच0एन0 दिवाकर ने कहा कि इस पुस्तक के द्वारा यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि सरकारी अस्पताल में सभी वर्ग के लोगों का ईलाज संभव है।

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******